



नवभारत
भोपाल, रविवार 17 मई, 2026


### एक नजर में



### बिना कोचिंग ट्यूशन के जिले में अव्वल

**नवभारत न्यूज**, ब्यावरा 16 मई, का. ब्यावरा निवासी छात्र प्रयाग शाक्यवार-जितेन्द्र शाक्यवार ने कक्षा 12 वीं सीबीएसई विज्ञान संकाय में जिले की टॉपटेन में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. विवेकानंद स्कूल राजगढ़ के छात्र प्रयाग ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले एवं नगर का नाम रोशन किया. इस उपलब्धि पर परिजनों,विद्यालय परिवार के सदस्यों, ईस्ट मित्रों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है.

### हम्मालों की कमी से गेहूं खरीदी प्रभावित

**राजगढ़ 16 मई, का.** पचोर मार्केटिंग सोसायटी द्वारा संचालित गेंहू उपार्जन केंद्र पर हम्मालों की कमी के चलते खरीदी कार्य प्रभावित होने से किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. खरीदी में हो रही देरी से नाराज किसानों ने विरोध स्वरूप चक्का जाम कर दिया. सूचना मिलते ही मौके पर तहसीलदार पचोर, तहसीलदार ब्यावरा, नायब तहसीलदार खुजनेर एवं पुलिस प्रशासन की टीम पहुंची. अधिकारियों द्वारा किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा उचित समझाइश देकर चक्का जाम समाप्त कराया गया. प्रशासन की पहल के बाद उपार्जन केंद्र पर पुनः गेंहू खरीदी कार्य प्रारंभ कराया गया. अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि खरीदी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े.

### 521 में से 252 पेंशनरों का हुआ सत्यापन



**सुठालिया 16 मई, सं.** नगर परिषद कार्यालय में दो दिवसीय शिविर लगाया गया. जिसमें सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार केंद्र सरकार से अनुदान प्राप्त पेंशन जैसे की इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना में कुल 521 पेंशन हितग्राही है, उन पेंशन हितग्राहियों का डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट नगर परिषद सुठालिया के द्वारा वार्ड नं 1 से 15 तक सभी वार्डो मे मुनादी कराकर नगर परिषद कार्यालय मे शिविर लगाकर पेंशन सत्यापन कार्य किया गया. डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट वाले कुल 521 हितग्राही थे जिसमे से दो दिवसीय शिविर के माध्यम से 252 हितग्राहियों का सत्यापन कार्य किया गया. इस मोके पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद, स्वच्छता पर्यवेक्षक कुलदीप सिंह राठौर,पेंशन शाखा प्रभारी अभिषेक सोनी, एवं सहायक कर्मचारी राधेश्याम सेन, नीरज मेहर, ईश्वर सोंधिया, मुकेश मेहर, शुभम नामदेव, शुभम शर्मा, शुभम जोशी उपस्थित रहे.

# रामगंजमण्डी रेल : मेमो ट्रेन का टाइम टेबल जारी

## पहले चरण में जिले की सीमा पर पुरा कुमारा स्टेशन तक मेमो ट्रेन का टाइम टेबल जारी, घाटोली से आगे बढ़ेगी ट्रेन

**नवभारत ब्रेकिंग**

**रामगंज मंडी से भोपाल रेल कनेक्टिविटी की दिशा में बड़ा कदम कोटा-घाटोली मेमू अब नयागांव पुरा कुमारा तक चलेगी, रेल मंत्रालय ने जारी किया आदेश**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 मई, का. रामगंज मंडी-भोपाल प्रस्तावित रेल सेवा को लेकर क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत और खुशी की खबर सामने आई है. भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने कोटा-घाटोली मेमू ट्रेन का विस्तार मध्यप्रदेश सीमा के पहले रेलवे स्टेशन नयागांव पुरा कुमारा तक करने की मंजूरी दे दी है. रेलवे बोर्ड द्वारा इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया है.**

यह फैसला रामगंज मंडी से भोपाल तक भविष्य में प्रस्तावित रेल कनेक्टिविटी के महत्वपूर्ण चरण के रूप में देखा जा रहा है.

**37 वर्ष पूर्व 1989 में पहला सर्वे शुरू हुआ, 2004 में स्वीकृति मिली थी**




### पुरा कुमारा स्टेशन तक पहुंचेगी ट्रेन, आगे का सफर जल्द तय होगा

रेल मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार ट्रेन क्रमांक 61614/61613 को आगे बढ़ाकर नयागांव पुरा कुमारा तक संचालित किया जाएगा. पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल को इस सेवा को शीघ्र प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं. रेलवे प्रशासन को व्यापक प्रचार-प्रसार और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया है. आवश्यकता पड़ने पर उद्घाटन स्पेशल ट्रेन चलाने के संकेत भी दिए गए हैं.

**जल्द शुरू होगी सेवा-** रेल मंत्रालय ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि इस विस्तारित सेवा को अर्ली कन्वीनिएंट डेट यानी जल्द से जल्द प्रारंभ किया जाए. इससे संकेत मिल रहे हैं कि यात्रियों को जल्द ही इस नई रेल सुविधा का लाभ मिलने लगेगा.

लंबे समय से क्षेत्र में बेहतर रेल संपर्क की मांग की जा रही थी. अब इस विस्तार से यात्रियों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है.

उल्लेखनीय है कि राजस्थान की ओर से मध्यप्रदेश में प्रवेश करने पर राजगढ़ जिले का पहला रेलवे स्टेशन नयागांव पुरा कुमारा है. ऐसे में ट्रेन सेवा के यहां तक विस्तार को क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है.

क्षेत्र को मिलेगा बड़ा फायदा

इस रेल विस्तार से रामगंज मंडी, झालावाड़, राजगढ़ जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों और मध्यप्रदेश के यात्रियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी. भविष्य में भोपाल तक रेल सेवा विस्तार की संभावनाओं को भी इससे मजबूती मिलेगी. व्यापार, शिक्षा, रोजगार और यात्रा के लिहाज से यह कदम क्षेत्र के विकास में अहम माना जा रहा है. उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले समय में निशिचित ही इस के बाद जिले के खिलचीपुर और राजगढ़ सिटी स्टेशन तक भी रेल सेवा का विस्तार किया जाएगा. जिसके संकेत रेल मंडल कोटा के अधिकारियों ने सी आर एस सर्वे के दौरान नवभारत से चर्चा के दौरान दिए थे.

### इस तरह होगा अप एण्ड डाउन शेड्यूल

**अप कमिंग**
**ट्रेन क्रमांक 61614 कोटा-नयागांव पुरा कुमारा मेमू**

| | |
|---|---|
| शाम 7 .20 बजे | कोटा से रवाना होगी |
| रात 8 .40 बजे | रामगंज मंडी, |
| 9 .08 बजे | झालावाड़ सिटी, |
| 10 .35 बजे | घाटोली पहुंचते हुए |
| रात 11 .05 बजे | नयागांव पुरा कुमारा पहुंचेगी |

**रिर्टन डाउन-**
**ट्रेन क्रमांक 61613 नयागांव पुरा कुमारा-कोटा मेमू**

| | |
|---|---|
| सुबह 4 .30 बजे | नयागांव पुरा कुमारा से रवाना |
| 4 .43 बजे | घाटोली, |
| 5 .52 बजे | झालावाड़ सिटी, |
| 6 .18 बजे | रामगंज मंडी होते हुए |
| सुबह 8 .20 बजे | कोटा पहुंचेगी |

### प्राकृतिक खेती एवं जल संरक्षण पर जोर

**राजगढ़ 16 मई, का.** म.प्र. जन अभियान परिषद के तत्वाधान में समृद्धि योजना अंतर्गत स्वयंसेवी संस्थाओं की एक दिवसीय बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभागृह में किया गया. बैठक में जन अभियान परिषद की नवांकुर योजना अंतर्गत कार्यरत 30 संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित जिले के विभिन्न विभागों के कार्यक्रम संचालित करने वाली संस्थाएं एवं स्वैच्छिक संस्थाएं उपस्थित रहीं. बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने उपस्थित संस्था प्रमुखों को संबोधित करते हुए जल संरक्षण हेतु संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान में सक्रिय सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया. उन्होंने प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने पर विशेष बल देते हुए कहा कि गांव स्तर पर किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभों एवं रासायनिक खेती से होने वाले दुष्प्रभावों और बीमारियों के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है।कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत प्लास्टिक प्रबंधन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया तथा संस्थाओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की. बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा भी संस्थाओं के कार्यों की जानकारी ली गई तथा उनके प्रयासों की समीक्षा की गई.

## एक दिन में चार पंचायतें कवर करेगा कृषि रथ

हरी झण्डी के साथ कृषि रथ अभियान का शुभारंभ किया




नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 मई, का. कृषि रथ अभियान का शुभारंभ शनिवार को किया गया. उक्त कृषि रथ का संचालन आगामी 10 दिवस तक जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं ग्राम पंचायतों में किया जाएगा. कृषि रथ को जिला अध्यक्ष श्री ज्ञानसिंह गुर्जर, मंडल अध्यक्ष सचिन मौर्य, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजगढ़, श्रीमती निधि भारद्वाज, उपसंचालक कृषि सचिन जैन एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. कार्यक्रम में समस्त जनप्रतिनिधिगण, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, आत्मा परियोजना, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे.**

कृषि रथ के माध्यम से जिले की ग्राम पंचायतों में पहुंचकर कृषकों को ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण, संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, कीट एवं रोग प्रबंधन, नरवाई प्रबंधन, फसल विविधीकरण, कृषि को लाभकारी बनाने के उपाय एवं कृषि विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी.

कृषि रथ में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं कृषि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी प्रतिदिन उपस्थित रहकर कृषकों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करेंगे. कृषि रथ प्रतिदिन लगभग 4 ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगा तथा कृषकों से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों एवं योजनाओं से लाभान्वित करेगा.

### नीट परीक्षा घोटाला : युकां ने जताया विरोध

**सारंगपुर 16 मई, सं.** शनिवार शाम को कांग्रेस कार्यालय से लेकर एसडीएम कार्यालय तक कांग्रेसजनों ने रैली निकाली और एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार सोनू गुप्ता को ज्ञापन सौंपा. कांग्रेस नेताओं ने नीट परीक्षा रद्द होने के मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. नेताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और एनटीए अध्यक्ष प्रदीप जोशी के तत्काल इस्तीफे की मांग की. उन्होंने पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में न्यायिक जांच कराने की भी मांग उठाई. इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप सादानी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बच्चों के डायपर भी इतनी बार लीक नहीं होते, जितनी बार भाजपा सरकार में पेपर लीक हुए हैं. वहीं कांग्रेस नेता कैलाश राजपूत, शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद लोदी एवं युकां ब्लाक अध्यक्ष अभय सिसोदिया ने भी आरोप लगाए. पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय और युकां विस अध्यक्ष राहुल चौहान ने कहा कि युवाओं और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड किया जा रहा है. ज्ञापन देने वालो में समीर मेव, निजाम कुरैशी, अभय सिसोदिया, राधेश्याम भैसानिया, कैलाश राजपूत, चंद्रर सिंह परमार, शेख मुशर्रफ, लखन राजपूत, कान्हा अहिरवार, मधुसुदन राजपूत, राधेश्याम वर्मा, अमन सेन, मुरलीधर खाती, मनीष गुप्ता, सुभाष पाल, अलरजा सद्दाम कुरैशी, सोनू मिश्रा, अजय जाटव, हारून नायक, आदि उपस्थित थे.

## खड़े ट्रक में टैंकर ने टक्कर मारी, बड़ा हादसा टला

ट्रक में गैस सिलेण्डर थे, चालक घायल



नवभारत न्यूज

**करनवास 16 मई, सं. समीपस्थ ग्राम भाटखेड़ी के पास हाईवे पर एक बड़ा हादसा टल गया. एक टैंकर ने हाईवे के समीप खड़े ट्रक में टक्कर मार दी. ट्रक में सीएनजी के 60 खाली सिलेण्डर थे वहीं एक भरा सिलेण्डर था. टक्कर के दौरान टैंकर के चालक का पैरों में चोटें आई है. बताया जा रहा है टैंकर में भी गाड़ियां रखीं थी और गति तेज होने से नियंत्रित नहीं पाया.**

जानकारी के अनुसार भाटखेड़ी गांव के पास आईशर ट्रक क्रमांक एमपी 04 जीबी 5752 (सीएनजी के 60 सिलेंडर खाली 01 भरा ) रखे थे. चालक नंदलाल पिता शिव नारायण गौड़ उम्र 34 साल निवासी लोधीपुरा थाना ब्यावरा ने बताया कि पचोर से ब्यावरा आते समय गाड़ी अचानक 08.30 बजे बंद हो गई थी. उसने गाड़ी रोड पर ही खड़ी कर दी थी. वहीं जिसमें सुरक्षा की दृष्टि से ट्रैफिक कौन भी लगा दिए थे. उसी समय लगभग 09 बजे कंटेनर को लेकर चालक सुभाष कुमार पिता सत्येंद्र सिंह निवासी ग्राम बनवार बंगरा थाना दाउदपुर जिला छपरा बिहार तेज गति से आ रहा था. वाहन में 06 फोर व्हीलर (05 स्कॉर्पियो 01 थार ) थी जिसे लेकर वह नासिक से तेजपुर असम जा रहा था. तेज गति लापरवाही पूर्वक चलाकर लाया और पीछे से खड़े हुए सीएनजी सिलेंडर वाले आईसर ट्रक में टक्कर मार दी. जिससे कंटेनर चालक को पैरों में चोटे आई है. पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है.

### बच्चों को टिप्स : सुबह उठकर संकल्प करना कि मैं बहादुर हूं




नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 16 मई, सं.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय छापीहेड़ा में 7 दिवसीय डिवाइन समर कैम्प का सफल समापन हुआ. बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए आध्यात्मिक गेम्स, एक्सरसाइज, आध्यात्मिक ज्ञान, नैतिक शिक्षा, राजयोगा मेडीटेशन कराया गया. ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी एवम ब्रह्माकुमारी संगीता दीदी जी के सानिध्य में नैतिक शिक्षा के अंतर्गत बच्चो को कृतज्ञता,समय का मूल्य,सकारात्मक चिंतन,गुड मैनर्स, प्रेम, सात्विक भोजन आदि विषयों को स्पष्ट करते हुए कहा की हमें हर परिस्थिति मे सकारात्मक सोच रखनी है. सुबह उठकर रोज सकारात्मक संकल्प करना है कि मैं बहुत बहादुर हूं. मेरे साथ सब कुछ अच्छा ही होगा. प्रतिदिन बच्चों की पढ़ाई में एकाग्रता एवम स्मरण शक्ति को बढ़ाने के उद्देश्य से राजयोगा मेडीटेशन भी कराया गया. सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में चित्रकला, गीत, नृत्य आदि आयोजित किए गए. गेम्स में बच्चो को चेयर रेस, बकेट बाल, टब बाल, पिलो पासिंग गेम, आदि खीलाए गए. अंतिम दिन बच्चो के द्वारा एक एक पौधा लगवाकर उनसे प्रकृति की रक्षा का संकल्प कराया गया. प्रतियोगिताओं अथवा गेम्स में विजेता बच्चो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. सभी बच्चो ने खूब समर कैम्प का आनंद लिया.



## एमआरपी को अधिक सार्थक और लाभकारी बनाएं

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 मई, का. एमआरपी को उपभोक्ताओं के लिए अधिक सार्थक और लाभकारी बनाया जाये, इसको लेकर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया.**

गौरतलब है कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत 53 वर्षों से उपभोक्ता जागरूकता, उपभोक्ता शिक्षण और उपभोक्ताओं के मुद्दों पर मार्गदर्शन के क्षेत्र में कार्यरत है. सभी राज्यों में 35 हजार से अधिक सदस्य कार्य कर रहे है. मांग की गई कि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और उपभोक्ता मामलों के संचालन के माध्यम से ऐसा कानून बनाया जाए जो एमआरपी को उपभोक्ताओं के लिए अधिक सार्थक और लाभकारी बनाएं. एक स्वतंत्र प्राधिकरण एवं बोर्ड या आयोग का गठन किया जाए जिसके पास नियम के तहत आदेश जारी करने और अधिक मूल्य के प्रतिकूल प्रभावों को समाप्त करने का अधिकार हो. मौजूद कानून में आवश्यक संशोधन किया जाए ताकि कड़ाई से पालन हो और उल्लंघन पर कड़ी सजा दी जाए.

**मनमानी वसूली से उपभोक्ता को नुकसान-** भ्रामक एमआरपी के कारण उपभोक्ताओं के साथ कुछ व्यापारी मनमाने एमआरपी से लाभांवित हो रहे हैं और निर्माता मनमाने तरीके से एमआरपी से प्रिंट करते हैं जिससे उपभोक्ताओं को सीधा नुकसान होता है. उपभोक्ताओं को इसकी संरक्षण की कोई जानकारी नहीं होती है कई बार उपभोक्ता ऐसे कदम उठा चुका है जो उत्पादन योग्य से संबंधित नहीं होते है, इससे अधिक पैसा देने का सामना करना पड़ता है. विशेष कर अत्यधिक या बड़ा चढ़कर एमआरपी प्रिंटिंग के कारण यह परिस्थितियां होती है. मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को अधिक शुल्क से बचाना, मूल्य प्रतिष्ठा सुनिश्चित करना और मुद्रण की गुणवत्ता को अंकित किया जाऐ. साथ ही वस्तु कि लागत एवं क्रय कि मूल्य स्पष्ट रूप से प्रिन्ट कि जाए. इस मौके पर प्रांतीय सचिव राजेश बाबू दांगी, जिला सचिव रंगलाल नागर, जिला कोषाध्यक्ष राजेश जायसवाल, जिला प्रचार प्रमुख नाथू सिंह सिकरवार आदि उपस्थित रहे.

**अव्यवस्था** ▶ **खरीदी केन्द्र पर तीन दिन से नहीं हुई गेहूं की तौल, देहरी बामन जोड़ के पास हाईवे रोका**

# तौल नहीं होने से भड़का आक्रोश, किसानों ने हाईवे पर लगाया जाम

नवभारत न्यूज

**पचोर/ब्यावरा 16 मई, का. शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य किया जा रहा है किंतु धरातल पर कई जगह गेहूं खरीदी में काफी परेशानी का सामना किसानों को करना पड़ रहा है. पचोर खरीदी केन्द्र के तहत तीन दिन से गेहूं की खरीदी नहीं होने से नाराज लोगों ने शनिवार को पचोर के समीप देहरी बामन जोड़ के यहां हाईवे पर जाम लगा दिया. देखते ही देखते वाहनों की लम्बी कतारे लग गई.**

पचोर सोसायटी के तकह डांगरा वेयर हाऊस स्थित गेहूं खरीदी केन्द्र पर शनिवार की सुबह किसानों ने हंगामा कर दिया. स्लॉट बुक करने के बावजूद तीन दिन से यहां गेहूं का तौल नहीं होने के कारण लोगों में खासी नाराजगी है. आक्रोशित हो लोगों ने शनिवार को हाईवे पर जाम लगा दिया.



### वाहन खड़े कर लगाया जाम

काफी समय से केन्द्र पर उपज का तौल कराने अपनी बारी का इंतजार कर रहे लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने हाईवे पर जाम लगा दिया. आक्रोशित लोगों ने हाईवे पर ट्रेक्टर ट्रॉली खड़ी कर मार्ग पर से आवाजाही रोक दी. बताया जाता है कि तीन-तीन दिन से तौल नहीं होने से लोग काफी परेशान हो गये. मजबूरन हाईवे पर चक्काजाम का सहारा लेना पड़ा. इस अव्यवस्था को लेकर लोगों में काफी आक्रोश देखा गया. मौके पर पहुंची पचोर पुलिस के द्वारा किसानों से चर्चा कर समझाईश दी इसके बाद जाम समाप्त कर दिया गया. करीब एक घंटे तक जाम के हालात रहे. जिसमें कई वाहन फंसने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा.

### दोनों और वाहनों की कतारे लगीं

जाम लगते ही हाईवे से वाहनों की आवाजाही बंद हो गई. मार्ग के दोनों और वाहनों की लम्बी लाइन लग गई. कई बसे, यात्री वाहन, आवश्यक कार्य से आने-जाने वाहन सहित अनेक ट्रक जाम में फंस रहे. मौके पर पहुंचे पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा आश्वासन एवं समझाईश के बाद जाम खुल सका.



**भीषण गर्मी में हो रहे परेशान-** जिले में अनेक जगह खरीदी केन्द्रों के बाहर गेहूं से भरे ट्रेक्टर ट्रॉलियों की लाइन लगी देखी जा सकती है. नरसिंहगढ़, कुरावर सहित अन्य स्थानों पर मौजूद केन्द्रों के बाहर बड़ी संख्या में वाहन खड़े हुए नजर आ रहे है. तौल का नम्बर आने में कई दिन लग रहे है. इन हालातों के चलते भीषण गर्मी में खुले आसमान के नीचे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है

**सर्वर में समस्या के कारण परेशानी-** खरीदी केन्द्र प्रबंधक के अनुसार केन्द्र पर पांच तौल कांटे लगातार कार्य कर रहे है. सर्वर में समस्या के कारण ओटीपी मिलने में देरी हो रही थी. गेहूं तौलने के बाद पर्ची देकर पोर्टल पर जानकारी दर्ज करना होती है. किंतु सर्वर की गड़बड़ी के चलते सुबह तौल में थोड़ी देरी हुई. जिसके चलते हंगामे के हालात बन गये.